**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**14.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने युवा वैज्ञानिकों से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का संरक्षण और आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस का उपयोग करने का किया आग्रह।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– राज्य सरकार लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर पूर्व भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाएं बंद करने का लगाया आरोप।
- राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने घोषित किया नीट–यू.जी. का परिणाम– 4 मई को हुई थी परीक्षा।

**अब समाचार विस्तार से.**

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने वैज्ञानिक अनुसंधान में पारंपरिक ज्ञान के महत्व पर बल दिया है। वे आज शिमला में हिम विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन के दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारम्भ पर बोल रहे थे। राज्यपाल ने युवा वैज्ञानिकों से पारम्परिक ज्ञान प्रणालियों को संरक्षित और एकीकृत करने के साथ–साथ आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान का वास्तविक उद्देश्य मानवता का कल्याण होना चाहिए।

राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचारशील चर्चा के लिए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी को स्थानीय परंपराओं, स्वदेशी ज्ञान और प्रकृति के साथ जोड़ा जाना चाहिए जिससे इनकी सार्थकता बढ़ेगी। राज्यपाल ने नशीली दवाओं के दुरूपयोग के दुष्प्रभावों को लेकर भी चर्चा की।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार प्रदेश में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बीते अढ़ाई वर्षों में लोगों को घरद्वार के समीप स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हिमाचल प्रदेश ग्रामीण पेयजल उन्नयन परियोजना के तहत 7 सौ 45 करोड़ रूपए की लागत से 8 ज़िलों के ग्रामीण क्षेत्रों में 20 हज़ार से अधिक घरों में बेहतर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों में भी स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इस वित्त वर्ष में लाहौल–स्पीति ज़िले में 27 करोड़ रूपए की लागत से 20 और किन्नौर ज़िले में 72 करोड़ रूपए की लागत से 6 पेयजल आपूर्ति योजनाओं का कार्य शुरू किया जाएगा। इन पेयजल योजनाओं में एंटी फ्रीज़ पाइपों का उपयोग किया जाएगा। इस वर्ष नादौन, भोरंज, अमलेहड़ और हरोली में भी 4 पेयजल आपूर्ति योजनाओं सहित बद्दी में एक सीवरेज योजना का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य है।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिमला ज़िले के जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में चार सौ करोड़ रूपए की लागत वाली विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। क्षेत्र के पुजारली में आज उन्होंने कहा कि सड़कें विकास की भाग्य रेखाएं होती हैं और हिमाचल जैसे कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य में सड़कों का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। रोहित ठाकुर ने कहा कि सड़कों के घनत्व में जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र वर्तमान में पूरे प्रदेश में अग्रणी है। रोहित ठाकुर ने पुजारली–चार में केन्द्रीय माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन भी किया।

## भाजपा

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा है कि कुल्लू ज़िला सहित पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बेकाबू हो गई है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशा माफिया और असामाजिक गतिविधियों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है लेकिन सरकार व प्रशासन मूक दर्शक बने हुए हैं। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कुल्लू ज़िले में नशा तस्करी खुलेआम हो रही है लेकिन इसके बावजूद इससे निपटने में पुलिस की भूमिका केवल तमाशबीन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कुल्लू ज़िले में पर्यटन गतिविधियां बढ़ गई हैं लेकिन यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए न तो पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और न ही कोई प्रभावी ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है।

## बाली

प्रदेश पर्यर्टन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस बाली ने कहा है कि शहरी व ग्रामीण पर्यटन को विकसित करने के लिए राज्य सरकार वचनबद्ध है। वे सोलन में आयोजित 8 दिवसीय ग्रीष्मोत्सव के दौरान बोल रहे थे। बाली ने कहा कि सरकार पर्यर्टन को और अधिक बढ़ावा दे रही है ताकि पयर्टक हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति की जानकारी हासिल कर सकें।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने वाली योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि फूलों की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने के लिए पूर्व भाजपा सरकार ने जुलाई 2018 में हिमाचल पुष्प क्रांति योजना शुरू की थी, जिसे सरकार ने घोषित या अघोषित रूप से बंद कर दिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस योजना के तहत पुष्प उत्पादकों के लिए 85 प्रतिशत सब्सिडी देने का प्रावधान था। उन्होंने कहा कि केवल पुष्प क्रांति योजना ही नहीं, बल्कि पूर्व सरकार की प्रत्येक जनहित योजना के साथ वर्तमान राज्य सरकार इसी तरह का बरताव कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस रवैये से स्पष्ट है कि प्रदेश सरकार राज्य के विकास व आत्मनिर्भरता में बाधा बनी हुई है।

## फैस्टिवल

पयर्टन नगरी मनाली के समीप देवलोक में तीन दिवसीय अतंर्राष्ट्रीय फिल्म व आर्ट फैस्टिवल कल शाम शुरू हुआ। राज्य पर्यटन विकास निगम के निदेशक विवेक भाटिया ने फैस्टिवल का शुभारम्भ किया। उन्होंने आयोजकों को इस आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसी गतिविधियों से प्रदेश को एक नई पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी इस तरह की गतिविधियां संचालित करने वालों को प्रोत्साहित कर रही है।

## परीक्षा परिणाम

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यू.जी. 2025 ने मेडिकल में प्रवेश के लिए परिणाम आज घोषित कर दिए हैं। स्कोर कार्ड परीक्षा की आधिकारिक वेबसाइट एन.टी.ए. नीट डॉट एन.आई.सी डॉट इन पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से मेरिट सूची देख सकते हैं। नीट परीक्षा 4 मई को देश भर के 5 सौ 52 शहरों और भारत के बाहर 14 शहरों में स्थित 5 हजार 4 सौ से अधिक विभिन्न केंद्रों पर 22 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए आयोजित की गई थी। राजस्थान के महेश कुमार ने पहला मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया ने दूसरा और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

## विश्व रक्तदाता दिवस

आज विश्व रक्तदाता दिवस है। हर वर्ष 14 जून को रक्तदान से लोगों की जान बचाने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ये दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश भर में विभिन्न रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। कांगड़ा ज़िला रैडक्रॉस सोसायटी ने धर्मशाला में रक्तदान शिविर लगाया जिसमें 30 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तदानियों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए। सोसायटी ने युवाओं और रक्तदानियों से अधिक से अधिक रक्तदान करने और अन्य लोगों को भी इस दिशा में प्रेरित करने का आग्रह किया है।

**शिविर**

रोटरी क्लब शिमला द्वारा आयोजित चार दिवसीय मैगा हैल्थ शिविर आज शिमला में संपन्न हो गया। इस शिविर में पीठ दर्द, स्पोंडिलाइटिस, घुटने के दर्द और साइटिका सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित 3 सौ 50 से अधिक मरीज़ों का उपचार किया गया। शिविर में मरीज़ों को रोज़ाना फॉलोअप भी प्रदान किया गया जिससे थैरेपी से गुज़रने वाले लोगों के लिए बेहतर लाभ सुनिश्चित हुआ। इस शिविर में जीवन शैली में सुधार और बीमारियों से बचने के लिए निवारक उपायों पर भी चर्चा की गई।

**समिति**

प्रदेश विधानसभा की कल्याण समिति की ज़िलास्तरीय बैठक आज मण्डी में आयोजित हुई। समिति के सभापति मोहन लाल ब्राक्टा की अध्यक्षता में हुई बैठक में ज़िले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। समिति ने योजनाओं को लेकर अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श किया और ज़रूरी दिशा निर्देश दिए। समिति ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध पहुंचाने पर भी बल दिया।

**सम्मान**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री कल 15 जून को ऊना ज़िले में हरोली विधानसभा क्षेत्र के पालकवाह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। इस समारोह में उन एक सौ 50 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकाश भागों में आज मौसम साफ है। पिछले कुछ दिनों से राज्य के मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सैल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। ऊना का अधिकतम तापमान आज 42 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने 15 जून तक प्रदेश के मैदानी इलाकों में लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना जताई है, जबकि इस दौरान कुछ क्षेत्रों में तेज आंधी–तूफान के बीच ओलावृष्टि की चेतावनी भी दी गई है।

**''मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने युवा वैज्ञानिकों से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का संरक्षण और आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस का उपयोग करने का किया आग्रह।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– राज्य सरकार लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर पूर्व भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाएं बंद करने का लगाया आरोप।
- राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने घोषित किया नीट–यू.जी. का परिणाम– 4 मई को हुई थी परीक्षा।